


# एजीटीएफ ने एके-47 और 34 जिंदा कारतूस के साथ दो बदमाश पकड़े

## जीतू चंबल कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रामदत्त उर्फ सोनू चंबल का भाई है जिसे अवैध हथियारों की तस्करी का एक बड़ा सरगना माना जाता है

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ)ने धौलपुर जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक अत्याधुनिक एके-47 राइफल,उसकी मैगजीन और 34 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(एंटी गैंगस्टर टास्क

**■ आनंदपाल गैंग से जुड़े हैं अपराधी**

फोर्स) दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों जितेंद्र उर्फ जीतू चंबल और तेजपाल ठाकुर निवासी गांव बसई घीयाराम को गिरफ्तार किया है। जीतू चंबल कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रामदत्त उर्फ सोनू चंबल का भाई है। जिसे अवैध हथियारों की तस्करी का एक बड़ा सरगना माना जाता है। यह पूरी कार्रवाई धौलपुर के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसई घीयाराम गांव में सफलतापूर्वक अंजाम दी गई।

राजस्थान में सक्रिय गैंगों, गैंगस्टरों और अवैध हथियार तस्करों पर नकेल कसने के लिए एडीजी एजीटीएफ दिनेश एमएन के निर्देशन में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एजीटीएफ की टीम ने बुधवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए बदमाश जीतू चंबल और तेजपाल ठाकुर का संबंध कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रामदत्त उर्फ सोनू चंबल से है। यह भी सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर रामदत्त उर्फ सोनू चंबल, जीतू चंबल उर्फ जितेंद्र और उनका भाई शिवदत्त सभी कुख्यात आनंदपाल गैंग के सक्रिय सदस्य रहे हैं।



राजस्थान पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने धौलपुर में अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

रामदत्त उर्फ सोनू चंबल का आपराधिक रिकॉर्ड बेहद लंबा और संगीन है। उस पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में हत्या, हत्या का प्रयास, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, पुलिस पर फायरिंग और अवैध हथियार तस्करी जैसे लगभग 35 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पूर्व में भी यह हिस्ट्रीशीटर पुलिस टीम पर फायरिंग कर गिरफ्तारी से बच निकला था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी राजस्थान पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी।

पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध योगेश यादव के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम को आसूचना संकलन के लिए भेजा गया था। इस टीम का मुख्य लक्ष्य धौलपुर के बीहड़ क्षेत्र के कुख्यात गैंगस्टर रामदत्त ठाकुर उर्फ सोनू चंबल और उसकी गैंग के खिलाफ सटीक जानकारी जुटाना था।

8 मई 2025 को हथियारों की पुख्ता सूचना मिलने के बाद एजीटीएफ और धौलपुर डीएसटी ने राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के सदापुर गांव के बीहड़ों में एक संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया। यह ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा था। सर्च के दौरान कुख्यात बदमाश रामदत्त ठाकुर और उसकी गैंग ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस को भी आत्मरक्षा में गोलियां चलानी पड़ीं। इस मुठभेड़ में कुख्यात डकैत माधव सिंह (32) निवासी घड़ी करीलपुर थाना राजाखेड़ा को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक 12 बोर दुनाली बंदूक, एक 325 बोर कट्टा सहित कुल 23 जिंदा कारतूस 12 बोर, 7 जिंदा कारतूस 315 बोर और 5 जिंदा कारतूस 7.65 के.एफ. बरामद हुए। हालांकि, रामदत्त उर्फ सोनू चंबल अपने अन्य साथियों और अत्याधुनिक हथियारों के साथ मौके से फरार होने में कामयाब रहा था। गिरफ्तार बदमाश माधव के खिलाफ राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और तेलंगाना में कुल 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं। रामदत्त ठाकुर राजाखेड़ा का हिस्ट्रीशीटर है और उसका परिवार आपराधिक पृष्ठभूमि का है। उसकी गैंग राजाखेड़ा धौलपुर क्षेत्र में आतंक का पर्याय बनी हुई थी।

जांच में सामने आया है कि रामदत्त द्वारा बसई घीयाराम और सदापुर पावर ठिाड के पास स्थित बीहड़ों में अन्य राज्यों की गैंगों के कुख्यात बदमाशों को फरारी कटवाने और फायरिंग सिखाने के लिए एक अवैध फायरिंग रेंज बना रखी थी। वह वहां स्थित बगीची में फरार बदमाशों को शरण देता था। एजीटीएफ ने रामदत्त और जीतू चंबल के पास शरण लेने वाले सभी बदमाशों को चिन्हित कर लिया है और उनकी तलाश तथा उन पर कानूनी कार्रवाई जारी है। हाल ही में रामदत्त को हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। रामदत्त की गिरफ्तारी के बाद, इस पूरी गैंग की कमान उसका छोटा भाई जितेंद्र उर्फ जीतू चंबल संभाल रहा था।

एजीटीएफ टीम को मुखबिर से एक बेहद पुख्ता सूचना मिली कि एक आधुनिक हथियार, जो एके-47 राइफल हो सकती है, जिसे रामदत्त और उसका भाई जीतू कुछ समय पहले लाए थे, वह अब जीतू और उसके पिता के पास उनके गांव में ही मौजूद है। इस महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर धौलपुर एसपी सुमित मेहरडा के समन्वय में राजाखेड़ा थानाधिकारी और जाप्ते की सहायता से एजीटीएफ टीम ने जितेंद्र उर्फ जीतू चंबल के घर ठााम बसई घीयाराम पर तुरंत दबिश दी। इस अचानक की गई दबिश के दौरान पुलिस ने उसके घर से एक एके-47 राइफल मय मैगजीन और 34 जिंदा कारतूस बरामद किए। मौके से जितेंद्र उर्फ जीतू चंबल और तेजपाल ठाकुर निवासी बसई घीयाराम थाना राजाखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया।

सोनू चंबल गैंग से अब तक कुल मिलाकर भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं, जिनमें अत्याधुनिक एके-47 राइफल, उसकी मैगजीन और 34 जिंदा कारतूस सहित एक 12 बोर दुनाली बंदूक, दो देशी कट्टे 315 बोर, 12 बोर के 23 राउंड, 32 बोर के पांच राउंड और 315 बोर के 09 राउंड शामिल है।

## 1.25 करोड़ का डोडा पोस्त सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** नागौर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.25 करोड़ रुपये कीमत का 834 किलोठााम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। इस अभियान में एक तस्कर रावताराम जाट (25) निवासी शिव जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक एम्बुलेंस भी जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि मुखबिर से थांवला क्षेत्र से एक एम्बुलेंस के गुजरने की सूचना मिली। जिसमें भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त होने का संदेह था। सूचना मिलते ही डीएसटी टीम और पादू कलां थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस का पीछा किया।रेण चौकी के पास जयपुर नम्बर की एम्बुलेंस को रोककर उसकी तलाशी ली गई। एम्बुलेंस के भीतर कुल 41 कट्टों में 834 किलोठााम डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने तुरंत जब्त कर लिया। पुलिस नर एम्बुलेंस चालक रावता राम जाट निवासी भियाड को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि डोडा पोस्त की एम्बुलेंस के आगे एक एस्कॉर्ट कार भी चल रही थी। जिसमें सवार तस्कर पुलिस को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों की पहचान कर ली है।

## ठगी का मामला दर्ज

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में क्रेडिट कार्ड के रिनेवल के नाम पर लिंक भेज कर अध्यापक के खाते से साइबर ठगों ने सवा दो लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राडावास के अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि एक जून को उसके पास वाट्सअप कॉल आया। कॉल कर्ता ने अध्यापक को क्रेडिट कार्ड के रिनेवल करने की बात कहीं।

## सार-समाचार

### 'पुलिस इतिहास के वातायन से' पुस्तक का विमोचन



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में बुधवार को एक महत्वपूर्ण साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां प्रोफेसर विकास नौटियाल द्वारा रचित पुलिस के इतिहास संबंधी पुस्तक "पुलिस इतिहास के वातायन से" का विधिवत विमोचन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व महानिदेशक बीएसएफ एमएल कुमावत, आरपीए निदेशक एस. सेंगाथिर, पूर्व आईपीएस हरिराम मीणा और प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. कमल नयन जैसे गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे । जिन्होंने पुस्तक का विमोचन किया। लेखक प्रोफेसर विकास नौटियाल ने अपनी कृति के बारे में बताते हुए कहा कि यह पुस्तक भारत में पुलिस के इतिहास का गहन विवेचन करती है, जिसमें विशेष रूप से राजस्थान के संदर्भ को उजागर किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से उनका प्रयास पुलिस और अकादमिक जगत के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण करना है। प्रोफेसर नौटियाल ने बताया कि अब तक पुलिस के इतिहास पर लिखी गई अधिकांश पुस्तकें संगठनात्मक उद्देश्यों को ध्यान में रखकर लिखी गई हैं, लेकिन "पुलिस इतिहास के वातायन से" का लेखन विशुद्ध रूप से अकादमिक दृष्टिकोण से किया गया है, जो इसे अन्य पुस्तकों से अलग करता है। प्रोफेसर नौटियाल ने बताया कि उनकी यह पुस्तक समाज के विविध पहलुओं के संबंध में पुलिसिंग का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। उन्होंने दावा किया कि यह संभवत: अकादमिक दृष्टि से राजस्थान में पुलिस पर लिखा गया पहला विस्तृत इतिहास है। पुस्तक का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय पहलू यह है कि इसमें अभिलेखागारों से प्राप्त प्राथमिक स्त्रोतों का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। इन प्राथमिक स्त्रोतों के समावेश से पुस्तक न केवल रोचक बन गई है, बल्कि इसकी ऐतिहासिक विश्वसनीयता भी बढ़ गई है। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक बीएसएफ एमएल कुमावत ने अपने संबोधन में पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत रूप से रिसर्च किए जाने की आवश्यकता है, और प्रोफेसर नौटियाल की यह कृति इसी दिशा में एक मील का पत्थर है। कुमावत ने "पुलिस इतिहास के वातायन से" को पुलिस विषय पर अब तक की उत्कृष्ट पुस्तक करार दिया।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के कार्य और इतिहास को समझने के लिए इस पुस्तक को हर किसी को पढ़ना चाहिए। यह पुस्तक पुलिसिंग के विभिन्न जटिल पहलुओं को एक नए और अकादमिक नजरिए से प्रस्तुत करती है, जिससे आम जनता और शोधार्थियों दोनों को लाभ होगा। यह पुस्तक पुलिस इतिहास के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण योगदान देगी और पुलिस तथा अकादमिक समुदायों के बीच संवाद तथा शोध को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।

### 104 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े 30 हजार 75 रूपए का जुर्माना वसूला

**कोटा।** मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के निर्देशन में सवारी गाड़ियों में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके मद्देनजर कोटा-रामगंजमंडी रेल खण्ड पर गाड़ी संख्या 61616, 61623 एवं 59837 तीन सवारी गाड़ियों में 04 जून को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 104 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 30 हजार 75 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। चेकिंग अभियान में लक्ष्मीकांत मीना, दीपक शर्मा, विष्णु कुमारी, मुनेश मीना एवं शुभम सिंह ने भूमिका निभायी। इस अभियान से रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों पर शिकंजा कसा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### वन अधिकारी (रेंजर) दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सीकर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी खेतड़ी जिला झुंझुनू के वन अधिकारी (रेंजर)मुकेश कुमार को परिवादी से उसकी लकड़ी की गाड़ी नहीं पकड़ने तथा उसको बिना कोई रोकटोक के चलने देने की एवज में दस हजार रूपये की मंथली के रूप में रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि उसकी लकड़ी की गाड़ी को नहीं पकड़ने की एवज में वन अधिकारी (रेंजर) मुकेश कुमार दस हजार रुपये की मंथली के रूप में रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी सीकर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए वन अधिकारी (रेंजर)मुकेश कुमार को दस हजार रुपये की मंथली के रूप में बतौर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

### कार सवार बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने मजदूर को लूटा

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक मजदूर से नगदी लूट ली। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार सीतापुरा निवासी मोहम्मद अंसार अपने काम से शाम को घर लौट रहा था । इसी दौरान अमन सर्किल के पास उसकी साइकिल के आगे कार लगाकर उसे रोका और कार सवार बदमाशों ने उसे गोनेर जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के दौरान दो बदमाश कार से उतरे और उसे जबरन कार में पटक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके पास से 6 हजार 500 नगदी और ऑनलाइन 9 हजार रुपए ले लिए। आरोपियों ने उसके ठेकेदार को भी फोन कर एक लाख रुपए की डिमांड की। घटना एक जून की बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### चलती बीएमडब्ल्यू कार में लगी आग

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में स्थित गोल्डन बेकरी चौराहे पर बुधवार को अचानक एक बीएमडब्ल्यू कार में आग लग गई। धुआं निकलता देखकर चालक ने कार रोकी और उससे निकलकर अपनी बचाई। चालक के निकलने के कुछ समय बाद ही कार से आग की लपटें उठने लगी। सूचना पर झोटवाड़ा फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर फायर स्टेशन से सुनील कुमार, देवेंद्र , महेंद्र और पंकज तुरंत ही दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए थे और बिना समय गवाएं पानी डालकर कार में लगी आग को बुझाया। आग से कार का आगे का हिस्सा जल गया।

## गायत्री जयंती पर सजे शक्तिपीठ, हुआ दीपयज्ञ

**जयपुर।** गायत्री जयंती ज्येष्ठ शुक्ल दशमी पांच जून को धूमधाम से मनाई जाएगी। बुधवार को शक्तिपीठों को सजाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र पर गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य का महाप्रयाण दिवस पर विभिन्न आयोजन होंगे।

केन्द्र के व्यवस्थापक आर डी गुप्ता ने बताया कि बुधवार को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक सबकी सद्बुद्धि के लिए गायत्री महामंत्र का अखंड जाप किया गया। शाम को राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ हुआ। प्रज्जवलित दीपकों में अक्षत के माध्यम से आहुतियां प्रदान की गई। गुरुवार 5 जून को सुबह नौ बजे से नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। यज्ञ से पूर्व पर्व पूजन होगा। इस मौके पर दीक्षा, यज्ञोपवीत, पुंसवन सहित अन्य संस्कार भी कराए जाएंगे।गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में बुधवार को सुबह छह से शाम पांच बजे तक अखंड गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान किया गया। शाम साढ़े पांच बजे आरती के बाद शाम 6 बजे दीपयज्ञ हुआ। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि पांच जून को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ होगा। इसके साथ दीक्षा, यज्ञोपवीत सहित अनेक संस्कार कराए जाएंगे। गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ सहित प्रज्ञापीठ, चेतना केन्द्रों पर भी गायत्री जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

## झांसा देकर युवक से ठगे पचास लाख

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना इलाके में चार बदमाशों ने एक युवक को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करवाने वाली कंपनी का संचालन करने और उसे परीक्षा में पास करवाने का झांसा देकर 50 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।पुलिस के अनुसार अम्बा बाडी विद्याधर नगर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि प्रमोद शर्मा, सुबोध शर्मा, रश्मि और मंजू जांगिड ने उसे एक ऑनलाइन परीक्षा करवाने वाली कम्पनी के संचालन की बात कहीं और फिर अपनी कंपनी का नाम इलवेयर नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड एण्ड ट्रेड मार्क परीक्षा डेस्क बताया। इसके बाद आरोपियों ने एक बडी परीक्षा में पास करवाने का झांसा दिया और उससे कई बार में पचास लाख रुपए ले लिए।

## वैध पहचान पत्र के बिना मोबाइल कनेक्शन नहीं दिए जाएं : रामेश्वर सिंह

**जयपुर।** जयपुर पुलिस की ओर से एक आदेश जारी किया गया है कि विभिन्न सेल्यूलर मोबाइल फोन सेवा प्रदाता कंपनियों के रिटेलर्स व सब रिटेलर्स और दुकानदारों को बिना ठााहक की वैध पहचान और पते का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किये बिना सिम कार्ड,सेल्यूलर मोबाइल फोन कनेक्शन नहीं दिए जाएं। साथ ही इस आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 में उपबंधित प्रावधानों के तहत दंडनीय अभियोग चलाया जा सकता है।

इस संबंध में कार्यपालक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था)जयपुर डॉ. रामेश्वर सिंह की ओर से जयपुर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत पाबंदी आदेश जारी किये गये हैं। इन आदेशों में यह कहा गया है कि विभिन्न सेल्यूलर मोबाइल फोन सेवा प्रदाता कंपनियों के रिटेलर्स एंव सब-रिटेलर्स द्वारा दूसरों के नाम से व छद्म नाम के कूटरचित पहचान-पत्रो के आधार पर भी बिना भौतिक सत्यापन के मोबाईल कनेक्शन व सिम कार्ड जारी किये जा रहे है। इन कंपनियों से समाज विरोधी, राष्ट्र विरोधी व आतंकवादी तत्वों द्वारा अपने आपराधिक मंसूबों की पूर्ति के लिए कनेक्शन व सिम कार्ड प्राप्त कर इनका प्रयोग अवांछित कार्यो व अपराधियों में करने की आसूचना ये भी प्राप्त हुई है। कूटरचित पहचान-पत्रो के आधार पर दूसरों के नाम से व छद्म नाम जारी सेल्यूलर मोबाइल फोन कनेक्शन व सिम का प्रयोग आतंकवादी वारदातो को अंजाम देने में भी किये जाने की पूर्ण संभावना है। इसे देखते हुए ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत विभिन्न सेल्यूलर मोबाइल फोन सेवा प्रदाता कंपनियों के रिटेलर्स एवं सब-रिटेल एवं ऐसे दूसरे सभी दुकानदारों को पाबंद किया गया है कि ठााहक को वैध पहचान तथा पते का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किये बिना कोई सेल्यूलर मोबाइल फोन कनेक्शन व सिम कार्ड जारी नही करेगें। रिटेलर्स, सब रिटेलर्स एंव ऐसे दुकानदार द्वारा बेची गई सिम कार्ड की कंपनी का नाम आई.डी. नम्बर सहित सिम कार्ड के क्रेता का पूर्ण विवरण नाम पिता का नाम पूर्ण स्थाई व वर्तमान पता बेसिक फोन नम्बर पूर्व में प्रयोग किये जा रहे सेल्यूलर मोबाइल फोन कनेक्शन नंबर तथा सिम जारी करने के लिये प्राप्त दस्तावेजों की पूर्ण सूचना रखेगें।

## पर्यावरण की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी, व्यक्तिगत स्तर पर करने होंगे प्रयास : शारदा प्रताप सिंह

**जयपुर, ।** पर्यावरण की रक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। सरकारों पर निर्भर रहने से पहले हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। चाहे कारण कोई भी हो, पर्यावरण संबंधी समस्याएं सभी को समान रूप से प्रभावित कर रही हैं, इसलिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभानी होगी। ग्रीन प्रैक्टिसेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सके।

इस दिशा में ठाीन बिल्डिंग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि इसके माध्यम से उत्सर्जन को काफी कम किया जा सकता है। यह बात राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सदस्य सचिव, शारदा प्रताप सिंह ने आज कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) राजस्थान द्वारा आयोजित 7आर कॉन्क्लेव (रीथिंक, रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रिफर्बिश, रिकवर, रीसाइकिल) के 8वें संस्करण में संबोधन के दौरान कही। यह कॉन्क्लेव फ्यूचर सिटीज – सस्टेनेबल, रेजिलिएंट एंड थ्राइविंग थीम पर केंद्रित रहा।

श्री सिंह ने आगे कहा कि यह कॉन्क्लेव के माध्यम से दो महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हुई, एक तो सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को मान्यता प्रदान करना, और वहीं, अन्य लोगों को ऊर्जा दक्षता, ठाीन बिल्डिंग डिजाइन, और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकास जैसी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना। सीआईआई राजस्थान के चेयरमैन और संस्थापक एमडी और सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, संजय अठावाल ने इस बात पर जोर दिया कि हर संगठन को सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर भी, व्यक्ति अपने घरों के आसपास अधिक पेड़ लगाकर, सौर ऊर्जा अपनाकर और अपने घरों को कार्बन उत्सर्जन में शून्य बनाने का प्रयास करके बदलाव ला सकते हैं।




राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सदस्य सचिव, शारदा प्रताप सिंह ने कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ और वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, अरुण मिश्रा ने यह कहा कि आज जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उनका स्वरूप पहले से बिल्कुल अलग है। पहले सस्टेनेबिलिटी इतनी बड़ी चिंता नहीं थी, लेकिन आज यह एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता बन चुकी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जैसे-जैसे हमारी जीवनशैली बदली है, पारंपरिक समाधान अब पर्याप्त नहीं रह गए हैं। आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम आधुनिक और सस्टेनेबल गांवों की नई कल्पना करें और उन्हें इस तरह विकसित करें कि वे भविष्य के विकास के लिए आदर्श मॉडल बन सकें। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि नियामक संस्थाओं (रेगुलेटर्स) को केवल नियम लागू करने वाली इकाइयों की भूमिका से आगे बढ़कर, उद्योगों के साथ सहयोगी की भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे साझा प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में स्थिरता से जुड़ी पहलों को अधिक प्रभावी ढंग से अपनाया जा सकेगा।श्री सीमेंट लिमिटेड, संयुक्त अध्यक्ष (स्ट्रैटेजिक सोर्सिंग), सौरभ पलसानिया ने प्रकाश डाला कि शहरों की प्राकृतिक संसाधनों की खपत में हिस्सेदारी 75 , 2 उत्सर्जन में 70 , तथा कुल अपशिष्ट उत्पादन में 50 है। कोपेनहेगन और सिंगापुर जैसे वैश्विक उदाहरणों और इंदौर जैसी भारतीय सफलताओं का उल्लेख करते हुए जोर दिया कि भविष्य के शहरों को सर्कुलर, सस्टेनेबल, रिज़ीलिएंट और थ्राइविंग होना चाहिए, ताकि वे बढ़ती पर्यावरणीय और शहरी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

सीआईआई सोहराबजी ठाीन बिजनेस सेंटर, उप कार्यकारी निदेशक, आनंद एम ने इंडियन ठाीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सीआईआई द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब आईजीबीसी चैप्टर्स देश के 30 शहरों में सक्रिय हैं। राजस्थान उन टॉप पांच राज्यों में शामिल है, जो ठाीन बिल्डिंग की दिशा में सबसे आगे हैं। वर्तमान में, 13 राज्य सरकारें आईजीबीसी-सर्टिफाइड प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव दे रही हैं। खास बात यह है कि आईजीबीसी देश की एकमात्र ग्रीन काउंसिल है, जो 32 अलग-अलग बिल्डिंग टाइपोलॉजी और कैटेगरी के लिए विशेष रेटिंग प्रोठााम्स देती है। सीआईआई राजस्थान, वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख, नितिन गुप्ता ने कहा कि कॉन्फ्रेंस का फोकस ऐसे नवाचारी समाधानों, तकनीकों और रणनीतियों पर रहा, जो शहरों के विकास के साथ-साथ उनके पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने में मदद करें। गौरतलब है कि सीआईआई इस कॉन्क्लेव का आयोजन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) और राज्य सरकार के सहयोग से पिछले कई वर्षों से करता आ रहा है।

## महिला से सोने की चेन तो युवक से छीना मोबाइल

**जयपुर।** शहर में बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइक्स गैंग ने एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तो वहीं युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

पुलिस के अनुसार वैशाली नगर निवासी ज्योति शर्मा ने वैशाली नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 25 मई की रात पैदल ही घर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए।

वहीं दूसरी घटना में बिहार निवासी विकास ने सांगानेर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह सांगानेर पुलिया के पास से प्रतापनगर अपने आवास पर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। यह घटना 3 जून की है। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।